**NW-21008** Seat No. ________

# Third Year B. A. (Non CBCS) Examination

## February – 2017

## Hindi : Paper - VIII

## (Bhasha Shikshan) (Old Course)

Time : **3** Hours] [Total Marks : **100**

**सूचना :** प्रत्येक प्रश्न के अंक क्रमशः उसके सामने दे दिये गये हैं।

१ हिन्दी भाषा के उद्‌भव एवं विकास की स–विस्तार चर्चा कीजिए। १५

**अथवा**

१ 'हिन्दी भाषा को विविध आंदोलनों ने प्रभावित किया था' – सतर्क उत्तर दीजिए। १५

२ शिक्षा, साहित्य, प्रयोजनपरक एवं जनसंपर्क भाषा के रूप में हिन्दी भाषा की भूमिका पर प्रकाश डालिए। १५

**अथवा**

२ राष्ट्र की शैक्षिक और भाषा संबंधी नीति के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार द्वारा स्वीकृत त्रिभाषा सूत्र पर प्रकाश डालिए। १५

३ भाषा के विविध रूपों की स–विस्तार चर्चा कीजिए । १५

**अथवा**

३ भाषा शिक्षण के विविध प्रयोजनों को रेखांकित कीजिए। १५

४ राष्ट्रभाषा और राजभाषा के अंतर को स्पष्ट करते हुए राष्ट्रभाषा का महत्व प्रतिपादित कीजिए। १५

**अथवा**

४ भाषिक एवं सामाजिक संदर्भ में हिन्दी की परिभाषा दीजिए। १५

५ किन्हीं दो पर टिप्पणीयाँ लिखिए : २०

(१) भाषा–शिक्षण में व्याकरण का महत्व

(२) शब्द–भेद

(३) भाषा–मूल्यांकन के आधार तत्व

(४) मातृभाषा।

६ (अ) एक वाक्य में उत्तर दीजिए : १०

(१) मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषा का समय क्या है ?

(२) खड़ीबोली की उपभाषा कौन सी है ?

(३) हिन्दी को राजभाषा का दरज़ा कब मिला ?

(४) पद किसे कहते हैं ?

(५) भाषा–शिक्षण के संदर्भ में किस भाषा को लक्ष्य बनाया जाता है ?

(६) पाठ्यचर्या का सम्बन्ध सीधे किन के साथ जूड़ा होता है ?

(७) तत्सम् शब्द किसे कहा जाता है ?

(८) श्रृति का शाब्दिक अर्थ क्या है ?

(९) हिन्दी भाषा की उपभाषाएँ कितनी है ?

(१०) सम्राट अशोक ने किस भाषा में अपने शिलालेख खुदवाये ?

(ब) उपयुक्त शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : १०

(१) भाषा एक __________ वस्तु है।

(सामाजिक, पारिवारिक, राजनीतिक)

(२) भाषा का व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के जीवन में एक __________ स्थान है।

(सामान्य, गौण, महत्वपूर्ण)

(३) शब्द में विद्यमान किसी ध्वनि का लुप्त हो जाना __________ कहलाता है।

(आगम, लोप, निगम)

(४) हिन्दी __________ भाषा परिवार में आती है।

(भारोपीय, चीनी, द्रविड़)

(५) काशी नागरी प्रचारिणी सभा की स्थापना __________ ई. में हुई ।

(१८५०, १८८५, १८९३)

(६) आज की मान्य शिक्षण दृष्टि का केन्द्र विद्यार्थी होता है और लक्ष्य उसका __________।

(विशदीकरण, उर्ध्वीकरण, समाजीकरण)

(७) वर्तनी से __________ को दृश्य – स्वरूप प्राप्त होता है।

(लिपि, मूर्ति, चित्र)

(८) शब्द अथवा धातु के अंत में जुड़नेवाला अंश __________ कहलाता है।

(प्रत्यय, उपसर्ग, मध्यग)

(९) भाषा की सबसे छोटी इकाई को __________ कहते हैं।

(ध्वनि, पद, वाक्य)

(१०) विसर्ग सदा __________ के बाद लगाया जाता है ।

(स्वर, व्यंजन, अनुनासिक)